तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार 17 फरवरी 2026

11 दूरस्थ विद्यालयों तक पहुंचेगी एसटीईएम शिक्षा की रोशनी



12 ग्रामीण और आदिवासी अंचलों में डिजिटल क्रांति की दिशा में सरकार का बड़ा कदम





## खबर संक्षेप

### कृषि विज्ञान केन्द्र में टेक्नालॉजी सेंटर शुरू



**कांकेर।** कृषि विज्ञान केन्द्र में रूरल टेक्नालॉजी सेंटर की स्थापना की गई है, जिसका शुभारंभ विधायक आशाराम नेताम तथा छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा द्वारा किया गया। इस केन्द्र में तेंदुआ हल, पैडलर और बियासी हल जैसे यंत्र उपलब्ध कराए गए हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर के वैज्ञानिक डॉ. नरेन्द्र हरिदास तायड़े ने बताया कि एक जोड़ी बैल से 0.5 से एक हार्स पावर तक शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होती है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत सरईटोला निवासी 35 वर्षीय मनोहर निषाद पिता स्व. पचकौड़ ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। बड़ेपारा करप निवासी 38 वर्षीय हेमंत निषाद ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 14 फरवरी को सुबह साढ़े 9 बजें अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कामय कर विवेचना में लिया गया।

### इंडस्ट्रीज व बैंकर्स मीट 19 को होगी

**कांकेर।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की कार्य क्षमता को सुदृढ़ करने, उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने, वित्तीय समाधान, सतत विकास तथा समय से एमएसएमई सेक्टर के उन्नयन हेतु भारत सरकार द्वारा रैम्प योजना लागू की गई है। जिले में उक्त योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु 19 फरवरी को सुबह 10 बजे सेएमएसएमई उद्यमियों के साथ टिकरापारा के एक निजी होटल में इंडस्ट्रीट एवं बैंकर्स मीट का आयोजन किया जाएगा।

### गणित-विज्ञान मेले में बच्चे लगाएंगे प्रदर्शनी

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम महेंद्रपुर में 17 फरवरी को गणित एवं विज्ञान मेला का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, पालकगण तथा आसपास के गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल होंगे। मेले के दौरान विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टॉल एवं प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें गणित एवं विज्ञान से जुड़े रोचक मॉडल, प्रयोग तथा शैक्षणिक गतिविधियां प्रस्तुत की जाएंगी।

### चिचगांव की जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा जिले के भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत चिचगांव में 18 फरवरी बुधवार को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

### अपर कलेक्टर विस सत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का अष्टम सत्र सोमवार 23 फरवरी से प्रारंभ होकर शुक्रवार 20 मार्च तक रखा गया है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान प्राप्त होने वाले तारांकित, अतारांकित विधानसभा प्रश्नों, स्थगन, शून्यकाल, आश्वासनों, ध्यानाकर्षण, अशासकीय संकल्प, याचिका तथा लोक लेखा समिति से संबंधित पत्राचार एवं जानकारी निर्धारित समयावधि में तैयार कराकर शासन, वरिष्ठ कार्यालय को उपलब्ध कराने के लिए अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुमार कुर्रे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## प्रशिक्षु रेंजर के व्यवहार पर भड़के वन समिति के पदाधिकारी

# सीएमडीसी खदान के लिए बिना संवाद पेड़ों की कटाई, प्रशिक्षु रेंजर के रवैए पर समिति बिफरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भैसाकन्हार में सीएमडीसी की लौह अयस्क खदान के लिए पेड़ कटाई का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम में बड़ा खुलासा यह हुआ है कि पूर्व वनमंडल भानुप्रतापपुर में पदस्थ प्रशिक्षु रेंजर के अड़ियल और गैर-जिम्मेदाराना रवैये के कारण कई दिनों से पेड़ कटाई का कार्य ठप पड़ा हुआ है। ग्रामीणों और वन समिति के पदाधिकारियों में इस व्यवहार को लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही है।

**खास बातें**

- अध्यक्ष ने प्रशिक्षु रेंजर से कहा- जंगल की रक्षा हमारे बाप दादा करते आ रहे
- नए नवेले अधिकारी बिना माहौल समझे दिखाते हैं हेकड़ी तब विवाद की नौबत

जानकारी के अनुसार भैसाकन्हार क्षेत्र में सीएमडीसी की लौह अयस्क खदान के लिए जंगल क्षेत्र में पेड़ों की कटाई की जा रही थी। इस संबंध में वन समिति भैसाकन्हार के अध्यक्ष गंगाराम लाटिया का कहना है कि पेड़ कटाई शुरू करने से पहले न तो ग्राम पंचायत को विश्वास में लिया गया और न ही वन समिति से कोई संवाद किया गया। वन समिति अध्यक्ष ने बताया कि कुछ दिन पहले ग्रामीणों को अचानक जंगल में पेड़ काटे जाने की जानकारी मिली।



सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कार्य को तत्काल रुकवाया। इसके बाद डिप्टी रेंजर से फोन पर संपर्क किया गया।

कुछ देर बाद प्रशिक्षु रेंजर पंकज पटेल मौके पर पहुंचे, लेकिन उन्होंने ग्रामीणों और समिति पदाधिकारियों से बेहद अभद्र लहजे में बात की। वन समिति अध्यक्ष के अनुसार, प्रशिक्षु रेंजर ने कहा कि "पेड़ कटाई को रोकने वाले तुम कौन होते हो?" जब उन्हें बताया गया कि सामने वन समिति का अध्यक्ष खड़ा है, तो उन्होंने यह कहकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया कि उन्हें किसी ग्राम पंचायत या वन समिति से अनुमति लेने की जरूरत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार ने उन्हें पेड़ कटवाने के निर्देश दिए हैं और उन्हें स्थानीय संस्थाओं से कोई लेना-देना नहीं है।

### वन समिति के पदाधिकारियों में नाराजगी

समिति के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों गंगाराम लाटिया, विमल चक्रधारी, सोहन कोर्राम, गेंदलाल चक्रधारी, बाबूलाल निषाद और शेखर कोर्राम ने बताया कि हम लोगों ने प्रशिक्षु रेंजर से कहा कि हमारे बाप दादा ने जंगल की सुरक्षा करके जंगल बचाया है और आप इस तरह की बात कर रहे है। उसके बाद भी प्रशिक्षु रेंजर के व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया है, इसके चलते वन सुरक्षा समिति के पदाधिकारी व ग्रामीण आक्रोशित हो गए और उसी का परिणाम रहा कि जंगल कटाई में जो गति आनी चाहिए, वो आज तक नहीं आ पाई। माना जा रहा है कि ऐसा प्रशिक्षु रेंजर के अड़ियल रवैया के कारण नहीं हो पाई।

### प्रशिक्षु रेंजर का रवैया है अड़ियल

वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष के द्वारा लगाए गए आरोप को लेकर हरिभूमि ने प्रशिक्षु रेंजर पंकज पटेल से हकीकत को जानने के लिए फोन लगाया, उस पर उनका कहना था कि मैने किसी से बदतमीजी नहीं की, परंतु लगाए आरोपों पर विस्तृत जानकारी चाहीं, इस पर झुंझलाकर कहा कि भानुप्रतापपुर आकर हमसे बात कर लो और फोन को काट दिया। ऐसे में यह स्पष्ट है कि प्रशिक्षु रेंजर सही जवाब देने से कतराते है।

### सीसीएफ के संज्ञान में लाया गया

हरिभूमि ने प्रशिक्षु रेंजर के अड़ियल रवैया के कारण आ रही दिक्कतों के बारे में कांकेर वन वृत्त के सीसीएफ राजेश चंदेले के संज्ञान में लाया गया। उन्होने कहा कि इस मामले की जाँच की जाएगी और उसके उपरांत नियमानुसार कार्यवाही भी किया जाएगा।

## इमली मोड़ पर पुलिस की दबिश, आधा किलो गांजा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**कांकेर।** कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से गांजा रखकर उसकी बिक्री कर रहे दो गांजा कोचियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गांजा कोचियों के कब्जे से करीब आधा किलो गांजा, दो मोटरसाइकिलें और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। कोतवाली पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त तत्वों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को 15 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम नाथियानवागांव कोसा सेंटर, ईमली मोड़ के पास दो व्यक्ति मोटरसाइकिल के माध्यम से अवैध रूप से गांजा छुपाकर आम जनता को बेच रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया। अधिकारियों के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक दयालू राम साहू के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से सफेद प्लास्टिक झिल्ली में रखा 496 ग्राम गांजा बरामद किया गया। इसके अलावा एक काले रंग की स्कूटी क्रमांक सीजी 05-2359, एक बिना नंबर की पल्सर मोटरसाइकिल तथा एक वीवो कंपनी का मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। गांजा के नेटवर्क को पता ▶▶| शेष पेज 10 पर



- तस्करों नेटवर्क को ध्वस्त करने में पुलिस जुटी

## बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्र 4 ब्लाकों में वितरित, तीन में वितरण आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बोर्ड परीक्षाओं को लेकर प्रशासनिक स्तर पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अपनी तैयारी लगभग पूरी कर ली है। तीन दिन बाद आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षा से पूर्व विभागीय बैठक में परीक्षा के शांतिपूर्ण बेहतर संचालन और नकल रोकने संबंधित मामलों को लेकर बैठक की गई है। इसके अलावा कन्या हायर सेकेंड्री स्कूल से माध्यमिक शिक्षा मंडल के अधिकारी अशोक बोरकर की उपस्थिति में 16 फरवरी को 04 विकासखंड का प्रश्न पत्र का वितरण किया गया, वहीं आज 17 फरवरी को नरहरपुर, भानुप्रतापपुर और चारामा विकासखंड के प्रश्न पत्रों का वितरण किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित की जाने वाली हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा आगामी 20 फरवरी से 18 मार्च एवं हाईस्कूल परीक्षा 21 फरवरी से 13 मार्च तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा का समय प्रातः 9 से दोपहर 12.15 बजे तक रहेगा। परीक्षा केंद्र के केंद्राध्ययक्ष उत्तर पुस्तिका का वितरण पहले हो चुका है। मंडल के अधिकारी की उपस्थिति में 16 फरवरी को 04 विकासखँड कोयलीबेड़ा, अंतागढ़, दुर्गूकोंदल और कांकेर का वितरण किया गया। 17 फरवरी को नरहरपुर, भानुप्रतापपुर और चारामा विकासखंड के प्रश्न पत्रों का वितरण किया जाएगा।

जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने बताया कि परीक्षा केंद्राध्यक्षों की बैठक लेकर परीक्षा के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशासनिक तैयारी के मद्देनजर जिले में दसवीं बोर्ड के लिए 88 परीक्षा केन्द्र और 12 वीं बोर्ड के लिए परीक्षा केंद्र्र बनाए गए है। परीक्षा के संचालन के लिए केन्द्राध्यक्षों की नियुक्ति की जा चुकी है।

### उड़नदस्ते का गठन

परीक्षा में नकल रोकने के लिए जिले के 07 विकासखंड के लिए 26 उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। एक दल में प्रभारी के अलावा चार से पाँच सदस्यों को रखा गया है। दल के अनुसार चार्ट रूट भी तैयार किया गया है और इसकी जानकारी सभी दल प्रभारी एवं सदस्यों को दिया गया है।

## ट्रक चालक के खिलाफ मामला किया गया दर्ज

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत माकड़ी चौक के पास 14 फरवरी की शाम करीबन सवा 4 बजें हुई सड़क दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पेटोली निवासी 60 वर्षीय रोहिदास गावड़े पिता उदेसिंह गावड़े ने पुलिस को बताया कि 14 फरवरी को आरोपी ट्रक कमांक जीजे 10 टीएक्स 6817 के चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



## चारामा का सटोरिया रायपुर से खिला रहा था सट्टा, आरोपी को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अपराध मुक्त समाज की दिशा में लगातार सक्रिय चारामा पुलिस ने जुआ-सट्टा पर एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए खाईवाल को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है, किए गए खाईवाल पर पहले से चारामा थाना में 08 प्रकरण दर्ज है। आरोपी के कब्जे से आईफोन मोबाइल, हजारों रुपये की सट्टा व पट्टी पर्चियां और नगद रकम जप्त की गई।

- सटोरिया के खिलाफ चारामा थाना में पहले से आठ प्रकरण दर्ज

जानकारी के अनुसार 15 फरवरी को चारामा पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी ग्राम चारभाठा की ओर रवाना हुई थी। चारभाठा के पास पहुँचने पर मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम चारभाठा में टक्कू साहू नाम का व्यक्ति अपने कृषि फार्म में सट्टा पट्टी लिखकर जुआ खेलवा रहा है। जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत चारामा पुलिस की टीम चारभाठा में स्थित टक्कू साहू के कृषि फार्म की घेराबंदी करते हुए गवाहों के समक्ष एक व्यक्ति कृषि फार्म के स्थित मकान के अंदर सट्टा पट्टीपर्ची लिखकर विभिन्न अंकों में रूपये पैसे का दांव लगाकर जुआ खेलवाते मिला, जिसे पकड़ कर नाम, पता पूछताछ करने पर वह व्यक्ति अपना नाम मुकेश उर्फ टक्कू साहू पिता मलखम साहू उम्र 35 वर्ष निवासी बंगला पारा चारामा थाना चारामा जिला कांकेर का होना बताया। सटोरिया की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से कुल 01 नग पेन, 01 नग हजारों रूपए की सट्टा पट्टी पर्ची एवं 01 नग आईफोन व नगदी रकम 5350 रूपया बरामद किया गया, जिसे गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया। मौके पर आरोपी का कृत्य अपराध धारा 6 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का घटना करना पाए जाने से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण आरोपी द्वारा ▶▶| शेष पेज 10 पर



### आरोपी के खिलाफ दर्ज है आठ मामले

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी जुआ एवं अन्य धाराओं में कई प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें वर्ष 2015 से 2024 तक के कुल आठ मामले शामिल हैं। आठ मामलो में अपराध क्र.246/2016 धारा 13 जुआ एक्ट, अपराध क्र.100/2018 धारा 4(क) जुआ एक्ट, अपराध क्र.156/2020 धारा 4(क) जुआ एक्ट, अपराध क्र.106/2020 धारा 4(क)जुआ एक्ट, अपराध क्र. 123/21 धारा 294 ,506 भादवि, इस्त.क्र.54/2015 धारा 107,116(3), इस्त.क्र. 04/24 धारा 170 बीएनएसएस और इस्त.क्र.31/2024 धारा 126,135(3) बीएनएसएस दर्ज है।

## खमढोड़गी में पक्षी की प्रजातियों की पहचान और गणना की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विश्व स्तरीय पक्षी संरक्षण अभियान महान आँगन पक्षी गणना 2026 के अंतर्गत रोफरा ग्राम खमढोड़गी में एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र में पाए जाने वाले पक्षियों की प्रजातियों की पहचान, गणना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा।

- एक दिवसीय कार्यक्रम में पर्यावरण जागरूकता का भी दिया संदेश



सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति एवं पर्यावरण मित्र सेना के सदस्यों द्वारा गाँव एवं आसपास के वन क्षेत्र में विभिन्न पक्षी प्रजातियों की गणना की गई। इस दौरान ग्रामीणों को पक्षियों के जीवन-चक्र, उनके प्राकृतिक व्यवहार तथा मनुष्य और पक्षियों के पारस्परिक संबंध के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पक्षी गणना के पश्चात ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें कुमार मंडावी एवं सचिन आत्राम ने पर्यावरण संतुलन पर अपने विचार रखते हुए कहा कि जिस प्रकार मनुष्य इस पृथ्वी के लिए महत्वपूर्ण है, उसी प्रकार छोटे से छोटा जीव भी प्रकृति के संतुलन के लिए आवश्यक है। पक्षियों की भूमिका जैव विविधता बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्राम सभा में पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई, जिनमें प्रमुख रूप से गर्मी के मौसम में जंगल में लगने वाली आग से बचाव एवं उसके प्रबंधन की ▶▶| शेष पेज 10 पर


## दावा-आपत्ति के बाद सूची से हटेंगे 1965 वोटर्स, 5159 नए वोर्टर्स जुड़ेंगे

# मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 को अब मतदाताओं की संख्या होगी 5.38 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मतदाताओं के वेरिफिकेशन के लिए पिछले चार महीने से जारी एसआईआर प्रक्रिया के तहत अब केवल अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन शेष रह गया है। प्रारंभिक मतदाता सूची से अभी तक हटाए गए नामों का वेरिफिकेशन भी पूरा कर लिया गया है। अब इन सभी प्रक्रियाओं के बाद 21 फरवरी 2026 को एसआईआर के तहत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

निर्वाचन आयोग के अनुसार एसआईआर प्रक्रिया में करीब 11375 ऐसे मतदाता रहे, जिन्हें नो-मैपिंग की श्रेणी में रखा गया था। यानी बूथ लेवल ऑफिसर इन मतदाताओं तक नहीं पहुंच पाए। इसकी वजह कई मामलों में पता न मिलना, घर बंद होना या लंबे समय से उस पते पर निवास



न होना बताया गया है। ऐसे सभी नो-मैपिंग मतदाताओं को नोटिस जारी कर दिए गए थे, नोटिस मिलने के बाद संबंधित मतदाता को तय समय-सीमा के भीतर एसडीएम के सामने उपस्थित होकर 13 मान्य दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया था। दस्तावेजों की जांच के बाद ईआरओ यह तय करेंगे कि नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा या नहीं। ईआरओ के फैसले से असंतुष्ट होने पर मतदाता को जिला कलेक्टर के पास अपील का अधिकार भी दिया गया है। यह प्रक्रिया 14 फरवरी के साथ ही अब समाप्त हो गई है। जिले में लगभग सभी मतदाताओं जिन्हें नो-मैपिंग में रखा गया था, उन्होंने अपने दस्तावेज जमा करवा दिए हैं।

**2003 की सूची को बनाया आधार :** उल्लेखनीय है कि एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान 2003 की मतदाता सूची को आधार बनाया गया है। सत्यापन के दौरान यह देखा गया कि संबंधित मतदाता का नाम 2003 की सूची में दर्ज था या नहीं, जिन लोगों के नाम उस सूची में नहीं हैं, उनसे रिश्तेदारों के नाम और संदर्भ मांगे जा रहे हैं, जिन मामलों में रिश्तेदारों के नाम भी उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें सी श्रेणी में रखकर अलग से नोटिस जारी किए गए थे।

### जिले में अब करीब 538558 मतदाता

जिले की तीन विधानसभा में कुल 535364 मतदाता थे, इनमें 11375 मतदाताओं को नो-मैपिंग या तार्किक विसंगति की श्रेणी में रखा गया। इनमें से अंतिम समय तक 1725 मतदाता नहीं पहुँचे, जिसके चलते इन मतदाताओं को सूची से हटाया गया, इसके अलावा 240 मतदाताओं ने फार्म -7 भरा था, इस तरह कुल 1965 मतदाताओं के नाम को मतदाता सूची से हटाया गया वहीं फार्म -6 भरने वाले मतदाता 5159 थे, जिनको मतदाता सूची में नाम जोड़ा गया। जिले की तीन विधानसभा में अब मतदाताओं के आंकड़े 5.38 लाख के करीब पहुंच जाएगी।

## महाशिवरात्रि; जवानों ने थाना परिसर में मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर थाना कांकेर परिसर में धार्मिक श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह से ही थाना परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा भगवान शिव की प्रतिमा के समक्ष विधि-विधान से पूजन, अभिषेक और आरती की गई। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण शिवभक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा।

इस अवसर पर थाना प्रभारी जितेंद्र साहू के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में एसआई सुरेंद्र मानिकपुरी तथा एएसआई मनोज सेवता सहित थाना स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने क्षेत्र में शांति, समृद्धि और कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बने रहने की प्रार्थना की। पर्व के उपलक्ष्य में भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं और नागरिकों के लिए खीर, पूरी और हलवा का प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन में सहभागिता निभाई। पूरे कार्यक्रम के दौरान ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज नारायणपुर चौक से निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग का गहन निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कोंडागांव, नारायणपुर मार्ग के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों में पहुँचकर सड़क निर्माण कार्य की प्रगति का अवलोकन किया और कार्य में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बसाहट क्षेत्रें में सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को आवागमन में हो रही असुविधा से राहत मिल सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए भारी वाहनों की नियंत्रित आवाजाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो। इस अवसर पर एसडीएम अजय उरांव, तहसीलदार मनोज रावटे सहित राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्टार इलेवन फूपगांव ने जीती पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा



**फरसगांव।** विकासखंड फरसगांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत फूपगांव में आयोजित 10 दिवसीय पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन रविवार को किया गया। अंतिम फाइनल मुकाबला स्टार इलेवन फूपगांव और बुनागांव टीम के मध्य हुआ। टॉस जीतकर फूपगांव टीम के कप्तान पुरन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 103 रन बिना किसी विकेट के नुकसान के बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बुनागांव की टीम निर्धारित 8 ओवरों में 96 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। फूपगांव की टीम ने जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा किया। इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार 20,000 नगद एवं ट्रॉफी तथा उप विजेता टीम को द्वितीय पुरस्कार 10,000 नगद एवं ट्रॉफी दिया गया। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदीप को मैन ऑफ द मैच तथा बुनागांव टीम के आशीष को मैन ऑफ द सीरीज़ का पुरस्कार प्रदान किया गया।

## पेज 9 के शेष

### इमली मोड़ पर पुलिस...

करने में जुटी पुलिस गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भूपेन्द्र जैन पिता संजय जैन उम्र 25 वर्ष एवं रमाकांत साहू पिता अजय साहू उम्र 27 वर्ष, दोनों निवासी माकड़ी सिंगराय के रूप में की गई है। प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को संदेह है कि आरोपी लंबे समय से क्षेत्र में गांजा बिक्री के अवैध कारोबार में संलिप्त थे। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं तथा गांजा कहां से लाया जा रहा था।

दोनों आरोपियों को भेजा जेल

कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्रवाई की। इसके बाद आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और इस तरह के अवैध कार्यों में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

### चारामा का सटोरिया...

लोगों को संगठित कर अंको का पैसों का दांव लगाकर हारजीत का जुआ खेलने से धारा 112 बीएनएस जोड़ा गया । आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड़ में भेजा गया है।

कार्रवाई टीम में यह रहे शामिल

सटोरिया को गिरफ्तार करने वाली टीम में चारामा थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार राठौर, निरीक्षक यशवंत श्याम (प्रभारी साइबर सेल), सउनि टीकम दास सोने, सउनि दुष्यंत दीवान सहित पुलिस स्टाफ शामिल रहे।

### खमढोड़गी में पक्षी की...

कार्ययोजना, पर्यटन विकास की संभावनाएँ, पर्यावरण संरक्षण की रणनीतियाँ, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार तथा गौण खनिज से जुड़े विषय शामिल रहे। कार्यक्रम में शामिल सभी ने एकमत होकर पर्यावरण संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी मानते हुए भविष्य में ऐसे और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विकास गुप्ता, धीरज कटारिया, चेतन राव पवार, हरि कुंजाम, अनुराग उरेती, नाग नागु, सचिन आत्राम, स्वर्णा बोरकर, बृजलाल मंडावी सहित अनेक पर्यावरण प्रेमी, जनपद सदस्य, सरपंच, उपसरपंच, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### महाशिवरात्रि जवानों...

सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारा और जनसहभागिता का प्रेरक दृश्य देखने को मिला। थाना परिसर में दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा और आयोजन शांतिपूर्ण व सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# शास. बालक उमावि कोण्डागांव में हुआ एनएसएस स्वयंसेवकों का सम्मान

## प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने द्वितीय वर्ष के स्वयंसेवकों को दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना अध्ययन इकाई–426 के प्रथम वर्ष के स्वयंसेवकों द्वारा द्वितीय वर्ष के स्वयंसेवकों के लिए विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवा, अनुशासन और सामाजिक दायित्व के महत्व को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2025–26 में रक्तदान करने वाले ताम्रध्वज कोर्राम एवं जगधर सोरी को सम्मानित किया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक के रूप में कुमारी वंदना नाग एवं राहुल नेताम को चयनित किया गया। रोचक खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले शावेद नेताम, अभिषेक कोर्राम एवं दिनेश नेताम को मेडल व प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए। सभी स्वयंसेवकों को स्मृति स्वरूप डायरी भी भेंट की गई।



### सभी अतिथियों का सम्मान सामूहिक भोज का आयोजन

कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के सदस्य भी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। सभी अतिथियों को डायरी भेंट कर सम्मानित किया गया तथा अंत में सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन विकास कोर्राम एवं हरीश द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन कुमारी खुशबू नाग ने किया। आयोजन को सफल बनाने में योगेश, ईश्वर, शिवा, ईशांत, शैलेंश, निधि यादव, दामिनी, अंकिता, मोहन, प्रेम प्रकाश, लोकेश्वर, अजय, हेमराज, पुरुषोत्तम सहित अनेक स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

### अतिथियों ने दिए प्रेरणादायी संदेश

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में प्राचार्य एन.के. नायक, राजकुमारी नायक, छात्रवास अधीक्षक गितेश्वर प्रसाद वर्मा, एन.सी.सी. अधिकारी अभिलाष निषाद, संकुल समन्वयक शिवचरण मंडावी तथा कार्यक्रम अधिकारी हरिशंकर नेताम उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में समाज सेवा, अनुशासन एवं समय के सदुपयोग को जीवन में सफलता का मूल मंत्र बताया।

## जिला प्रशासन और एफईएस की संयुक्त पहल से बढ़ी पर्यावरण जागरूकता

# भानपुरी में 'ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट' का आयोजन

ग्रामीणों और स्कूली बच्चों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग, किया पक्षियों का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव



कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन एवं केशकाल डीएफओ दिव्या गौतम के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन तथा एफईएस के संयुक्त तत्वावधान में फरसगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत भानपुरी में ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम की सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ मंडावी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने आसपास के प्राकृतिक परिवेश में पक्षियों का अवलोकन कर उनकी विभिन्न प्रजातियों की पहचान की।

### 26 पक्षी प्रजातियों का किया दस्तावेजीकरण

इस दौरान कुल 26 विभिन्न पक्षी प्रजातियों का अवलोकन किया गया। इनमें ब्लैक हुडेड ओरियोल एवं रेड–नेप्ड आइबिस विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। रेड–नेप्ड आइबिस एक प्रवासी पक्षी है, जिसकी उपस्थिति क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता को दर्शाती है।

### पक्षियों के महत्व पर दी गई जानकारी

एफईएस संस्था से कुमारी सत्यवती मंडावी एवं मोती नेताम ने ग्रामीणों और बच्चों को पक्षियों के महत्व, उनकी पहचान की विधि तथा पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी भूमिका के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पक्षी पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, बीज प्रसार, कीट नियंत्रण एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में अहम भूमिका निभाते हैं।

### जंगल भ्रमण कराकर संरक्षण का संदेश



कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों और बच्चों को गांव के जंगल का भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें पक्षियों का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया तथा जल, जंगल और जमीन की रक्षा कर पक्षियों के प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रखने के उपाय बताए गए।

### पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने इस आयोजन को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट जैसे वैश्विक अभियान से जुड़कर भानपुरी के ग्रामीणों ने स्थानीय जैव विविधता के संरक्षण के साथ–साथ सामूहिक पर्यावरण जागरूकता का परिचय दिया है।

# सीआईएसएफ के लापता सब इंसपेक्टर का 30 घंटे बाद भी नहीं लगा सुराग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



नगरनार स्टील प्लांट में पदस्थ सीआईएसएफ के एसआई का दूसरे दिन भी सुराग नहीं लग सका है। रविवार को अपने पांच साथियों के साथ पिकनिक मनाने ओडिशा के गुलमी वाटरफॉल गए हुए थे। वहां नहाने के दौरान गहराई का अंदाजा नहीं होने से वे तेज बहाव में बह गए। साथी जवानों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन तेज बहाव के चलते उन्हे डूबने से नहीं बचाया जा सका। जानकारी के मुताबिक सब इंसपेक्टर आकाश चौधरी रविवार को अपने चार अन्य साथियों के साथ गुलमी वाटरफॉल पिकनिक मनाने गए हुए थे। सभी साथी एक एक कर नहाने उतरे बाकी के साथी वापस आ गए। देखते ही देखते आकाश तेज बहाव में बह गए। एक साथी ने उन्हें बचाने का प्रयास भी किया लेकिन तेज बहाव के चलते वह उन्हे बचा नहीं सका और वे आगे निकल गए। इसकी सूचना तत्काल कोटपाड़ पुलिस को दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व ओडिशा एसडीआरएफ की टीम लगातार तलाश कर रही है लेकिन लगभग 30 घंटे बाद भी उनका सुराग नहीं लग सका है। बताया जा रहा है कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में पिछले दो वर्ष से पदस्थ सब-इंस्पेक्टर अमन चौधरी महाशिवरात्रि के दिन ओडिशा के गुलमी जलप्रपात में पिकनिक के दौरान तेज बहाव में बह गए जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल पाया है। घटना की जानकारी मिलते ही सबसे पहले पहुंची ओडिशा डिजास्टर रैपिड एक्शन फोर्स की टीम पहुंची। जिसके बाद एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की टीम भी पहुंचकर रेस्क्यू आपॅरेशन शुरू कर दिया। लेकिन अब तक उनका पता नहीं लग पाया है और लगातार उनकी तलाश की जा रही है।

■ ओडिशा के गुलमी वाटरफॉल में पिकनिक मनाने साथियों के साथ गए थे तभी हुआ हादसा

### हरियाणा से पहुंचे परिजन, दिल्ली की एनडीआरएफ टीम भी मौके पर



कोटपाड़ पुलिस द्वारा रविवार को ही लापता आकाश चौधरी के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई थी। सूचना मिलते ही फ्लाइट से उनके परिजन बस्तर की सीमा से लगे ओडिशा के गुलमी जलप्रपात स्थित घटनास्थल में पहुंच चुके है और उनकी तलाश तेज कर दी गई है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही अत्याधुनिक उपकरणों के साथ एनडीआरएफ दिल्ली की टीम भी मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान में शामिल हो गई है। एनडीआरएफ की टीम पहले से ही प्रशिक्षण के लिए जगदलपुर में आई हुई थी, जो घटना की खबर मिलने के बाद घटनास्थल पहुंच चुकी है।

### गुलमी जलप्रपात में हर वर्ष होता है हादसा

ओडिशा के गुलमी जलप्रपात में डूबने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पूर्व भी कई लोगों की डूबने से मौत हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक गुलमी वाटरफॉल में जगदलपुर के व्यवसायी परिवार तथा महारानी वार्ड के दो युवाओं की भी मौत यहां डूबने से हो चुकी है। जानकार बताते है कि यहां डूबने वालों का शव 48 घंटे के बाद ही उपर आता है जिसकी वजह जलप्रपात के नीचे के नुकीले चट्टान व खोह है, जहां डूबने के बाद उनके फंसने की आशंका बनी रहती है। बहरहाल गोताखोरों की टीम लापता एसआई की तलाश करने लगातार प्रयास कर रही है।

# विधायक ने पुसावण्ड व बड़ेबंजोड़ा को दी विकास कार्यों की सौगात



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक लता उसेंडी ने शनिवार को ग्राम पुसावण्ड में कुल 17.15 लाख रुपए की लागत से पूर्ण एवं प्रस्तावित दो विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इन कार्यों में आश्रित ग्राम काकड़गांव के मातागुड़ी के पास 3 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सांस्कृतिक भवन का भूमिपूजन तथा 14.15 लाख रुपए की लागत से निर्मित नवीन पंचायत भवन का लोकार्पण शामिल है। पंचायत भवन के लोकार्पण से ग्राम पंचायत के कार्यों में सुगमता आएगी। इसी क्रम में विधायक उसेंडी ने ग्राम बड़ेबंजोड़ा में भी कुल 6 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें पखना पारा शिवलाल घर से 100 मीटर सीसी सड़क निर्माण 3 लाख रुपए तथा सीदाय घर से गुडिया घर तक 100 मीटर सीसी सड़क निर्माण 3 लाख रुपए शामिल है। कार्यक्रम में सरपंच सूरज पोयाम, जनपद सदस्य फरसूराम नेताम, इंदलराम यादव, हितेश झा, संतोष पात्र, सुकालूराम पोयाम, सोनारूराम मंडावी, मेहत्तर बघेल, शिवराम बघेल, मंगलूराम मंडावी, सोमसू पोयाम, रूनीका मानिकपुरी, महादेव पायोम, लच्छूराम पोयाम सहित पंचगण, अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### ग्रामीण सुविधाओं को सुदृढ़ करने सरकार प्रतिबद्ध : विधायक

*कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक लता उसेंडी ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों में सड़क, भवन एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।*

# सतनामी समाज जिला पदाधिकारियों का हुआ निर्वाचन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव



सतनामी समाज जिला निर्वाचन समिति, कोंडागांव के तत्वावधान में 15 फरवरी रविवार को जिला पदाधिकारियों के आम निर्वाचन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुई। निर्वाचन के लिए जिले में कुल 17 मतदान केंद्र बनाए गए थे। मतदान प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला, जिसमें समाज के महिला–पुरुष मतदाताओं ने बढ़–चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मतदान उपरांत मतगणना की प्रक्रिया शाम 5 बजे सतनाम भवन, कोंडागांव में प्रारंभ की गई, जो पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सम्पन्न हुई। जिला अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष निर्वाचित निर्वाचन परिणामों के अनुसार जिलाध्यक्ष सुरेश बघेल, जिला सचिव वासुदेव डहरिया, जिला कोषाध्यक्ष विशाल बंजारे निर्वाचित घोषित किए गए।

**नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य स्वागत :** नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संभागीय अध्यक्ष धँसराज टण्डन, जिला संरक्षक आर.के. बंजारे, पूर्व जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र डहरे सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं समर्थकों द्वारा फूलमाला पहनाकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

### समाज के विकास व एकता के लिए कार्य करने का संकल्प

समाजजनों ने आशा व्यक्त की कि नवगठित टीम समाज के विकास, संगठनात्मक मजबूती, एकता एवं सेवा भाव के साथ सक्रिय रूप से कार्य करेगी। यह आम निर्वाचन जिला निर्वाचन समिति के अध्यक्ष सुरेश बेर, सचिव प्रेमराज डहरिया, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र चतुर्वेदी सहित सभी सदस्यों एवं पीठासीन अधिकारियों के सहयोग से सम्पन्न हुआ। वरिष्ठ सदस्य लखमुराम टण्डन के मार्गदर्शन में पूरी निर्वाचन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई।जिला निर्वाचन समिति के अध्यक्ष श्री बेर ने निर्वाचन प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करने वाले सभी सदस्यों, अधिकारियों एवं मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

## महाशिवरात्रि पर शिवलिंग पिपरा में मनाया भव्य भजन समारोह



**केशकाल।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव मंदिर पिपरा में भगवान शिव जी जोड़ा शिवलिंग के नाम से जाना जाता है. जिसकी पूजा अर्चना प्रतिवर्षानुसार भक्तो ने की। जिस क्रम मे शिव शरण मानस मंडली फ़रसगांव के चंद्र प्रकाश कुलदीप, वादक मनसा जी द्वारा बहुत सन प्रस्तुति की और उन भजनो से प्रसन्न होकर भगवान महादेव स्वयं एक भक्त के शरीर मे प्रवेश हुए। और अपने हाथों से स्वयं शिव शरण मानस मंडली को श्रीफल भेंट किए तब समस्त ग्राम वासी आशीर्वाद प्राप्त कर भगवान शिव से ग्राम की सुख समृद्धि की कामना की। सनातन धर्म विकास परिषद के संभागीय अध्यक्ष लोकेश गायकवाड़ जी ने कोंडागांव जिला में संभावित शिव महा पुराण हेतू भगवान शिव जी को निमंत्रण ( जानकारी ) देकर आयोजन की सफलता हेतू भगवान शिव जी से आशीर्वाद की कामना की। इस अवसर पर सभी ग्राम वासियो द्वारा शिव शरण मानस मंडली फरसगाँव को धन्यवाद ज्ञापित किया। मंदिर मे दिन भर भक्तो की भीड़ लगी रही। इसी कड़ी मे तारगाव (माकड़ी ), शंकर शार्दुल उरंदा बेड़ा के निवास पर विगत 6 वर्षो से मानस गान का आयोजन अब भी जारी है।

# पीएम आवास योजना से धनसिंह के पक्के मकान का सपना हुआ साकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव



नगर पंचायत फरसगांव के वार्ड क्रमांक 8 निवासी धनसिंह हिडको के परिवार का वर्षों पुराना पक्का मकान का सपना प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के माध्यम से पूरा हुआ। इससे पहले वे अपने परिवार के साथ कच्चे मकान में जीवन यापन कर रहे थे, जहाँ हर मौसम नई परेशानियाँ लेकर आता था।

धनसिंह ने बताया कि बारिश के दिनों में छत से पानी टपकता था, कच्ची दीवारों से नमी रिसती थी और हर वर्ष मरम्मत पर समय व पैसा दोनों खर्च होते थे। इन हालातों में परिवार की सुरक्षा और बच्चों के भविष्य को लेकर हमेशा चिंता बनी रहती थी। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी की यह इच्छा थी कि उनका भी एक सुरक्षित और सम्मानजनक पक्का घर हो। एक सामान्य किसान के लिए यह सपना पूरा कर पाना कठिन था। इसी दौरान वार्ड में मुनादी और शिविर के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी मिली, जिसके अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को पक्का मकान निर्माण हेतु आर्थिक सहायता दी जाती है।

### स्वीकृति मिलते ही खुशी से भर उठा परिवार

धनसिंह ने आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवे और सभी प्रक्रियाएँ पूर्ण कीं। स्वीकृति मिलते ही परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। उनकी पत्नी की आँखें खुशी से नम हो गईं। कुछ ही समय में निर्माण कार्य पूरा हुआ और उनका पक्का घर बनकर तैयार हो गया।

### अब सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन

आज धनसिंह का परिवार एक सुरक्षित वातावरण में रह रहा है, जहाँ बारिश या मौसम की मार का कोई डर नहीं है। पक्का मकान मिलने से परिवार के जीवन स्तर में भी सकारात्मक बदलाव आया है। धनसिंह हिडको ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब परिवारों के पक्का मकान के सपने को साकार कर रही है और उनके जीवन में स्थायित्व व सम्मान ला रही है।

## जिला पंचायत कार्यालय कोंडागांव में हुआ आयोजन

# कोण्डागांव में हुआ बैंक सखियों व बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट का एक दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव




जिले में कार्यरत बैंक सखी एवं बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट के लिए एक दिवसीय बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन जिला पंचायत कोंडागांव कार्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बैंक सखियों की भूमिका को ग्रामीण अर्थव्यवस्था और वित्तीय सशक्तिकरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

■ सीएससी राज्य कार्यालय के अधिकारियों ने दिया प्रशिक्षण

इस अवसर पर सीएससी राज्य कार्यालय वित्तीय समावेशन से रविकांत साहू एवं नारायण देवनाथ की गरिमामयी उपस्थिति रही। दोनों अधिकारियों ने बैंक सखी एवं बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट को बैंकिंग सेवाओं, वित्तीय समावेशन, डिजिटल लेन–देन, ग्राहक सेवा एवं शासन की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने म्यूल अकाउंट की जानकारी देते हुए बैंक सखियों को सतर्क रहने एवं ग्राहकों को भी जागरूक करने का आग्रह किया, ताकि किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता से बचा जा सके।

### 110 बैंक सखियों को मिला प्रशिक्षण

एक दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में कार्यरत कुल 110 बैंक सखियों का सफलतापूर्वक प्रशिक्षण कराया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बैंक सखियों की कार्यक्षमता बढ़ाना तथा ग्रामीण क्षेत्रें में बैंकिंग सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाना रहा।

### प्रशिक्षण को बताया उपयोगी

कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया तथा भविष्य में ग्रामीण जनता को और बेहतर, पारदर्शी एवं प्रभावी बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करने का संकल्प लिया।

**खबर संक्षेप**

### सामाजिक अंकेक्षण इकाई टीम का द्वितीय चरण प्रारंभ



**दंतेवाड़ा।** जिला पंचायत से दी गई जानकारी अनुसार जिला सामाजिक अंकेक्षण का प्रमुख उद्देश्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना जो अब वीबी जी राम जी योजना के नाम से परिवर्तित हुआ है। उसके अंतर्गत कराए जा रहे विकास कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जाना है, ताकि योजनाओं के बेहतर कार्यान्वयन मदद मिले व स्थानीय समुदायों की भागीदारी बढे। इस क्रम में जिला पंचायत दंतेवाड़ा के सामाजिक अंकेक्षण इकाई टीम द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में के अंतर्गत प्रथम चरण में अंकेक्षण हेतु 143 ग्राम पंचायतों का लक्ष्य सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया गया और इकाई ने द्वितीय चरण का सामाजिक अंकेक्षण हेतु विगत 9 फरवरी 2026 से पुनः प्रारंभ कर दिया है। यहां पुरे राज्य मे गौरवशाली उपलब्धि रही। क्योंकि सामाजिक अंकेक्षण के प्रथम चरण को पूर्ण करते हुए द्वितीय चरण का अंकेक्षण प्रारंभ करना पूरे प्रशासनिक टीम की के लिए एक चुनौती था। जबकि अन्य जिले इस चरण तक नहीं पहुंच पाए है।

### शिक्षक एलबी संवर्ग के अधिकारों पर प्रहार बर्दाश्त नहीं : संतोष

**गीदम।** फरवरी 2026 में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग



नियमों को लेकर शालेय शिक्षक संघ दंतेवाड़ा के अध्यक्ष संतोष मिश्रा ने गंभीर आपत्ति व्यक्त की है इसे शिक्षक एलबी संवर्ग एवं ट्राइबल संवर्ग एल बी के अधिकारों के विरुद्ध बताया है। संगठन का कहना है कि सरकार जहां वर्षों से लंबित वास्तविक समस्याओं वरिष्ठता निर्धारण वेतन विसंगति सेवा सुरक्षा पर ठोस निर्णय लेने में असफल रही है, वहीं संवर्ग के हितों को प्रभावित करने वाले निर्णय बिना संवाद और बिना सहमति के लागू किए जा रहे हैं। संघ ने कहा कि यदि सरकार वास्तव में एल.बी. संवर्ग के हितों को लेकर संवेदनशील है तो यह स्पष्ट किया जाए कि वर्षों से लंबित वरिष्ठता निर्धारण पर आज तक ठोस निर्णय क्यों नहीं लिया गया। सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति जैसे गंभीर मुद्दे आज भी समाधान की प्रतीक्षा में हैं।

# दूरस्थ विद्यालयों तक पहुंचेगी एसटीईएम शिक्षा की रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिला प्रशासन दंतेवाड़ा एवं शिक्षार्थ ट्रस्ट की संयुक्त पहल विज्ञानदूत, मोबाइल एसटीईएम बाइक का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अभिनव कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के कुआकोंडा विकासखंड के दूरस्थ एवं वंचित विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों तक एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी एवं गणित) शिक्षा को सुलभ, रोचक एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर, डीएमसी हरीश गौतम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। अधिकारियों ने इस पहल को जिले में गुणवत्तापूर्ण एवं नवाचारी शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरगामी कदम बताया। परियोजना के अंतर्गत प्रशिक्षित स्थानीय युवा एसटीईएम शिक्षण किट से सुसज्जित मोटरसाइकिलों के माध्यम से चयनित 13 विद्यालयों में पहुँच कर विद्यार्थियों के साथ प्रायोगिक एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण सत्र संचालित करेंगे। इन सूत्रों के जरिए बच्चों में जिज्ञासा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन, समस्या-समाधान क्षमता तथा नवाचार की भावना को विकसित किया जाएगा। विज्ञानदूत पहल न केवल विद्यार्थियों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि और समझ को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए आजीविका के अवसर भी सृजित करेगी। समुदाय-आधारित इस सतत शिक्षा मॉडल के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों तक आधुनिक शिक्षण संसाधन पहुंचाने और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है। यह पहल प्रशासन, समुदाय एवं सामाजिक संस्था के समन्वित प्रयास का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो जिले में शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक एवं स्थायी परिवर्तन की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध होगी।

- विज्ञानदूत, मोबाइल एसटीईएम बाइक पहल का शुभारंभ

### कलेक्टर ने ली राहत-पुनर्वास और सड़क सुरक्षा की बैठक

# नक्सल पीड़ितों की मदद और नए कानूनों के पालन पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिला कार्यालय में आज कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में प्रशासनिक और सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस मैराथन बैठक में जिला स्तरीय राहत एवं पुनर्वास, नए कानूनों के क्रियान्वयन, सड़क सुरक्षा और नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर जैसे संवेदनशील विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैठक का आरंभ राहत एवं पुनर्वास से जुड़े मामलों की समीक्षा के साथ हुआ। कलेक्टर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए नक्सल हिंसा में जान गंवाने वाले नागरिकों के आश्रितों को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने और घायलों को हर संभव मदद देने पर जोर दिया। उन्होंने नक्सल पीड़ित परिवारों के सदस्यों को शासकीय सेवा में अनुकंपा नियुक्ति देने की प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति जांची और अधिकारियों को इसे प्राथमिकता देने को कहा। इसके अतिरिक्त, साम्प्रदायिक सद्भाव प्रतिष्ठान के तहत छात्रवृत्ति, आत्मसमर्पित नक्सलियों को प्रशिक्षण के दौरान स्टायपेण्ड और पीड़ित परिवारों को डिजिटल डेटाबेस को अपडेट करने की प्रगति पर भी चर्चा की गई।

इसके साथ ही बैठक में सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जिले में दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए कड़े तेवर दिखाए। उन्होंने एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी को सभी सड़कों का सेफ्टी ऑडिट जल्द पूरा करने और ब्लैक स्पॉट्स को सुधारने के निर्देश दिए। बैठक में शहर के मुख्य मार्गों पर आवारा पशुओं के नियंत्रण, अतिक्रमण हटाने और पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित फुटपाथ बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। स्वास्थ्य विभाग को ट्रॉमा सेंटर की स्थापना और एंबुलेंस में जीपीएस ट्रैकिंग सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेस और त्वरित उपचार मिल सके। वहीं शिक्षा विभाग को नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर रोक लगाने और स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक के अंतिम चरण में नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए एनसीओआरडी की समीक्षा की गई। इसमें नशा मुक्ति, पुनर्वास और तस्करी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की कार्ययोजना पर विचार हुआ। पुलिस और परिवहन विभाग ने भी अपनी कार्रवाई और जागरूकता अभियानों का ब्यौरा पेश किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव राय, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके बर्मन सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

- नशा मुक्ति, पुनर्वास और तस्करी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने पर विचार

# आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों व माताओं का लिया वजन व मापी ऊंचाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार विकासखंड बस्तर अंतर्गत ग्राम पंचायत मंडलपाल, चेराकुर, मुंडागांव एवं छोटे आमाबाल सहित विभिन्न पंचायतों के आंगनबाड़ी केंद्रों में 9 से 18 फरवरी तक वजन त्यौहार कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के आदेशानुसार नियमित रूप से संपन्न कराया जा रहा है।

कार्यक्रम के तहत 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती माताओं, शिशुवती माताओं एवं किशोरी बालिकाओं का वजन एवं ऊंचाई मापी गई। आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण स्तर की जांच कर आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक माया यादव का विशेष योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं में तारवती मौर्य, कयमती बघेल, मंगतीन बघेल, नीरा मौर्य, सरिता तिवारी, मितोस कोर्राम, भगवती मौर्य, स्वास्थ्य कार्यकर्ता अमिता कोर्राम एवं उज्वती नाग सहित अन्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों एवं माताओं के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर की नियमित निगरानी करना तथा कुपोषण की रोकथाम हेतु आवश्यक कदम उठाना है।

- बस्तर में मनाया गया वजन त्योहार

# 127 बालवाड़ी शिक्षकों का मिला 5 दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद शंकर नगर रायपुर के निर्देशन तथा डाइट प्राचार्य वेंकट रमन के मार्गदर्शन में जिले के चारों विकासखंडों में संचालित 127 बालवाड़ियों के शिक्षकों का जिला स्तरीय पांच दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

यह प्रशिक्षण 11 से 15 फरवरी तक ब्लेंडेड मोड मिश्रित पद्धति में आयोजित किया गया जिसमें 11-12 फरवरी को दो दिवस ऑनलाइन तथा 13-15 फरवरी को तीन दिवस ऑफलाइन सत्र आयोजित किए गए। ऑफलाइन प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बीजापुर डाइट परिसर में एससीईआरटी द्वारा प्रशिक्षित डीआरजीएस के माध्यम से संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ पूजा-अर्चना एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। ईसीसीई एवं एफएलएन पर विशेष जोर- राज्य से प्राप्त समय-सारणी के अनुसार दिवसवार विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा एवं गतिविधियाँ आयोजित की गईं। प्रमुख विषयों में शामिल रहे ईसीसीई प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा का परिचयए महत्व एवं रूपरेखा उत्साहवर्धक खेल गतिविधियाँ, थीम आधारित शिक्षण, अधिगम शैली एवं दैनिक कार्ययोजना, बुनियादी साक्षरता एवं भाषा शिक्षण, शिक्षण रणनीतियाँ एवं समूह कार्य, बुनियादी संख्यात्मक ज्ञान, ईएलपीएस की समझ, टीएलएम की उपलब्धता एवं उपयोग, कक्षा प्रबंधन एवं अनुकूल शिक्षण परिवेश निर्माण, प्रारंभिक वर्षों में बच्चों का आकलन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए प्रेरित, प्रशिक्षण के अंतिम दिवस डाइट प्राचार्य ने प्रतिभागियों से संवाद करते हुए ईसीसीई की भूमिकाए बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला तथा प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारियों को विद्यालयों में प्रभावी रूप से लागू करने का आग्रह किया।

मास्टर ट्रेनर्स पवन सिन्हाए चिमन लाल चंदेलए बल्लू राम नेताम एवं सुनील साहू ने एससीईआरटी के दिशा.निर्देशानुसार प्रशिक्षण प्रदान करते हुए सभी विषयगत अवधारणाओं को बालवाड़ी स्तर पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने हेतु शिक्षकों को प्रेरित किया। प्रशिक्षण के दौरान प्री.टेस्ट एवं पोस्ट.टेस्ट का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों की उपस्थिति में फोटो सेशन के साथ हुआ।

जिले में एफएलएन के सफल क्रियान्वयन की दिशा में यह प्रशिक्षण महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# आंजर में वीबी रामजी पर लगाई चौपाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

वीबीजी रामजी के प्रचार-प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत लोहंडीगुड़ा जनपद के ग्राम पंचायत आंजर में जनपद उपाध्यक्ष डॉ. बसंत कश्यप द्वारा चौपाल लगाकर ग्रामीणों को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने योजना के उद्देश्य, पात्रता, आवश्यक दस्तावेज एवं लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया।

इस दौरान विशेष रूप से बताया गया कि योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को प्रति वर्ष 125 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है, जिससे ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी तथा पलायन पर रोक लगाने में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि अधिक से अधिक लोग पंजीयन कराकर योजना का लाभ लें। मंडल अध्यक्ष मंगतूराम कश्यप के द्वारा भी रामजी योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस कार्यक्रम में धनीराम बघेल, सावेद्र सेठिया, मनीष पोयम, सरपंच मालती कश्यप, उप सरपंच बुधराम यादव, रमेश ठाकुर, मांगीराम बेंजाम, आयतु राम कश्यप, राजेश मांझी, दशमन पोयम, बमलु कश्यप, मकर सिंह ठाकुर, करण सेठिया, समदुराम पुजारी पंडरु राम सहित बड़ी संख्या मे ग्रामवासी और जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

उपस्थित ग्रामीणों में योजना को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने विभिन्न प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया तथा योजना का लाभ लेने में रुचि दिखाई।

# महिलाओं को सुरक्षित बैंकिंग की मिली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

भारतीय रिजर्व बैंक एवं समर्पित संस्था के संयुक्त तत्वावधान में 13 फरवरी को जिला पंचायत सभागार में वित्तीय साक्षरता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बैंक उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं विभिन्न वित्तीय योजनाओं के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में कार्तिक राम बाँधेकर ने बताया कि वर्तमान समय में वित्तीय शिक्षा अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इसके माध्यम से व्यक्ति अपने एवं अपने परिवार की आर्थिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित कर सकता है। उन्होंने कहा कि बैंक से जुड़ा प्रत्येक उपभोक्ता अपने जमा धन और निवेश की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने का अधिकार रखता है। यदि बैंक प्रबंधन जानकारी देने में असफल रहता है तो उपभोक्ता को तत्काल बैंकिंग लोकपाल से संपर्क करना चाहिए। कार्यक्रम में रायपुर आरबीआई से एलडीआ नवीन तिवारी, कमल तथा अग्रणी बैंक से अमृत कुमार इक्का सहित एनआरएलएम के बीपीएम उपस्थित रहे। वक्ताओं ने बताया कि वित्तीय साक्षरता के अभाव में लोग चिटफंड कंपनियों, ऑनलाइन शॉपिंग धोखाधड़ी, दूरभाष के माध्यम से एटीएम जानकारी साझा करने जैसी ठगी का शिकार हो रहे हैं। इन जोखिमों से बचाव हेतु जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। बताया गया कि वर्ष 2026 का वित्तीय साक्षरता सप्ताह 9 से 13 फरवरी तक मनाया गया। कार्यक्रम में बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया, उसका संचालन, बचत योजनाएँ, वित्त प्रबंधन, बैंक ऋण, ऋण उपभोक्ताओं के अधिकार, जमाकर्ताओं के अधिकार, बैंकिंग लोकपाल, चिटफंड कंपनियों एवं नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई।

इस कार्यशाला में महिला स्व.सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे वित्तीय शिक्षा का प्रसार जमीनी स्तर तक सुनिश्चित हो सके। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम के लिए छत्तीसगढ़ में केवल एक संस्था का चयन किया गया है, जिसमें समर्पित संस्था को स्थान मिला है।

# पर्वत शृंखलाओं की गोद में बसा कैलाश नगर शिव धाम में हुई भव्य प्राण-प्रतिष्ठा व महाशिवरात्रि पर पूजा

**समुद्र तल से लगभग 3330 फीट की ऊंचाई पर स्थित है आस्था स्थल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल







बैलाडीला की खूबसूरत पर्वत शृंखलाओं के मध्य स्थित कैलाश नगर शिव धाम में 40वें महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर 14 फरवरी को प्राण-प्रतिष्ठा का मुख्य अनुष्ठान श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। वहीं 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक और महाआरती का आयोजन धूमधाम से किया गया। दो दिनों तक पूरा पहाड़ी क्षेत्र "ॐ नमः शिवाय" के जयकारों से गूंजता रहा।

14 फरवरी को सुबह 7 बजे रथयात्रा और शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद वेदी पूजन, विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा, शिखर स्थापना और नामकरण संस्कार संपन्न हुए। दोपहर में यज्ञ की पूर्णाहुति दी गई और प्रसाद वितरण किया गया।

15 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भगवान शिव का विशेष अभिषेक, रुद्र पाठ और महाआरती की गई। शाम को भजन-कीर्तन के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। बड़ी संख्या में नगरवासी, कर्मचारी और उनके परिवारजन शामिल हुए।

समुद्र तल से लगभग 3330 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस आस्था स्थल का निर्माण वर्ष 1986 में कर्मचारियों के सहयोग से हुआ था। श्रद्धालुओं की बढ़ती आस्था को देखते हुए एनएमडीसी लिमिटेड की किरंदुल परियोजना ने डिपॉजिट-14 खदान के समीप पहाड़ियों के बीच स्थित इस धाम का लगभग 2 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से जीर्णोद्धार कराया है। राजस्थान और आंध्र प्रदेश से आए कारीगरों ने पत्थरों पर सुंदर नक्काशी कर मंदिर को भव्य और आकर्षक रूप दिया है।

अनुष्ठान संपन्न कराने के लिए वाराणसी से पंडित मयंक शर्मा अपने सहयोगियों के साथ पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि इतनी ऊंचाई पर स्थित यह स्थान श्रद्धा और विश्वास का अद्भुत प्रतीक है। यहां का शांत वातावरण मन को सुकून और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रबंधन द्वारा बस स्टैंड और गांधीनगर से कैलाश नगर तक निःशुल्क बस सेवा की व्यवस्था की गई थी, जिसका लाभ बड़ी संख्या में लोगों ने उठाया।

# मंत्रिपरिषद के निर्णय से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए निर्णय प्रदेश के किसानों, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और समग्र विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले 25.24 लाख से अधिक किसानों को 3100 प्रति क्विंटल की दर से अंतर राशि का एकमुश्त भुगतान होली से पूर्व उनके बैंक खातों में किया जाएगा। अंतर की करीब 10,000 करोड़ की यह राशि सीधे किसानों तक पहुंचेगी, जिससे गांवों में आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और बाजारों में रौनक बढ़ेगी। उक्त बातें भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष योगेश ठाकुर ने प्रेस को जारी बयान में कही है।

उन्होंने कहा कि खरीफ वर्ष 2025-26 में 141.04 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी कर छत्तीसगढ़ ने देश में नया कीतिर्मान स्थापित किया है। पिछले दो वर्षों में किसानों को लगभग 25,000 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है और आगामी भुगतान के बाद यह आंकड़ा बढ़कर 35,000 करोड़ हो जाएगा। यह भाजपा सरकार की किसान-समर्पित सोच और वचनबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सरकार का स्पष्ट लक्ष्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करना, किसानों की आय में वृद्धि करना और वित्तीय अनुशासन के साथ प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाना है।

## खबर संक्षेप

### समाज, देश और विश्व कल्याण की मंगलकामना के साथ गूंजे वेदोक्त मंत्र

**जगदलपुर।** महाशिवरात्रि पर स्थानीय शंकर देवालय में कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा सामूहिक महारुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। संध्याकाल में भक्तिमय वातावरण के बीच पूर्ण विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का अभिषेक संपन्न हुआ। देवालय परिसर में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। अनुष्ठान के दौरान भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया। समाज के सदस्य सपरिवार उपस्थित होकर वेदोक्त मंत्रों के साथ सामूहिक रूप से रुद्राभिषेक में सहभागी बने। आयोजन के माध्यम से समाज,देश एवं समस्त विश्व के कल्याण की मंगलकामना की गई। धार्मिक आस्था के इस आयोजन ने सामाजिक एकता और पारंपरिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश भी दिया। अभिषेक के उपरांत महाआरती की गई, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## कांकेर जिले के विभिन्न ग्रामों में लगेंगे 82 नए बीएसएनएल टावर

# ग्रामीण और आदिवासी अंचलों में डिजिटल क्रांति की दिशा में सरकार का बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण और आदिवासी अंचलों में डिजिटल क्रांति की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है, इसी के तहत अब कांकेर जिले के विभिन्न ब्लॉकों में बीएसएनएल के 82 नए टावर स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना पर तेजी से काम किया जा रहा है।

■ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डिजिटल पहल

ग्रामीण और आदिवासी अंचलों में डिजिटल क्रांति का मुख्य उद्देश्य दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों तक हाई-स्पीड इंटरनेट की पहुंच सुनिश्चित करना है, ताकि वहां के नागरिकों को ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल सेवाओं और विभिन्न सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। सरकार का मानना है कि बेहतर डिजिटल कनेक्टिविटी से ग्रामीण युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और स्थानीय स्तर पर विकास को गति मिलेगी। लंबे समय से नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे इन इलाकों में मोबाइल टावर लगने से संचार व्यवस्था मजबूत होगी और आपातकालीन सेवाओं तक भी त्वरित पहुंच संभव हो सकेगी। राज्य सरकार द्वारा डिजिटल ढांचे को मजबूत करना सुशासन और समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले समय में इस परियोजना के पूर्ण होने से जिले के दूरस्थ अंचलों में विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी।

**भानुप्रतापपुर विधानसभा के अंतर्गत लगने वाले टावर :** विधानसभा भानुप्रतापपुर अंतर्गत चारामा ब्लॉक अंतर्गत दमकसा, गोटीटोला मधुबनपारा, जेपरा, परसोदा साहूपारा, भानुप्रतापपुर ब्लॉँक अंतर्गत ग्राम परवी, पण्डरीपानी, आसुलखार, धनेली, धुतापिपली स्कूलपारा आमाकड़ा, खोर्रा, परवी जलहूर, पिचेकट्टा, शाहकट्टा, तेलम्मा, उत्तमार के अलावा दुर्गूकोंदल ब्लॉक के ग्राम भंडारडिगी, दोड़देकादर, गुरावंडी मंगहूर, डोडे, कोंडूज गुदूम, पाउरखेड़ा, रसुली नलकसा, कोंडूज डंडईखेड़ा, पचांगी कोसपराली, हैपुरकसा हेपुर, हामतवाही पलवी, हिंगनझर, झिटकाटोला, झिटकाटोला तामोडा, कोसपराली पराली, मर्रामपानी, पचांगी, पलवी घुरवण्डी में नए बीएसएलएल टावर स्थापित किए जाएगें।

### कांकेर विधानसभा के अंतर्गत लगने वाले टावर

विधानसभा कांकेर अंतर्गत कांकेर ब्लॉक के ग्राम भैंसगांव, कानागांव, कुलगांव, पेटोली, पुसवाड़ा मारीपारा, नरहरपुर ब्लॉक के ग्राम डुडुमबहारा, खदरवाही, मर्रामपानी, मारवाड़ी, बहनापानी, दबेना, दबेना जंगलपारा, मासुलपानी, पथर्रीनाला, बहनापानी, आँखिहर्रा और सरोना तहसील के ग्राम धनेसरा, गट्टागुडुम, मंडरादरहा, तिरियरपानी, खल्लारी, सोनपुर में टावर लगाए जाएंगे।





### अंतागढ़ विधानसभा के अंतर्गत लगने वाले टावर

विधानसभा अंतागढ़ अंतर्गत कोयलीबेड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम तड़हूर, मुरावंडी मुंडला, नवगेल, पिण्डकसा, पित्तेभोड़िया, अंजाडी, बुधानडंड, छिंदपाल संतोला, छोटेबोदेली प्रोहपारा, देवीपारा, कड़मे सोडवापारा, खैरकट्टा कॉलोनी, खैरकट्टा कॉलोनी उजाला, कोयेगांव, माचपल्ली हिदूर, मेटाबोदेली शिकारीपारा, मुरावण्डी, मुरडोंडा और अंतागढ़ ब्लॉक के ग्राम गेटिनडांगरा टेमरूगांव, जोडांड बगझर, बदरेंगी टेकापानी, अमोड़ी पण्डरीपारा, कढ़ाहीखोदरा मण्डाम, लोहत्तर पटेलपारा, सरंडी स्कूलपारा, भैंसासुर डूमरकोटपारा, खोड़पानी स्कूलपारा में टावर लगाए जाएंगे।

# 31 मार्च तक जिले में खुलेंगी 5 नई बैंक, कलेक्टर का फरमान जारी



**कांकेर।** जिले में 31 मार्च तक पांच नए बैंकों की शुरूआत होगी, जिसके लिए भवनों में आवश्यक सुविधाएं जुटाई जा रही हैं। निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के लिए संबंधित निर्माण एजेंसी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। इन कार्यों में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायतों में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन, टीना शेड, बाउण्ड्रीवॉल, देवगुड़ी सहित अन्य निर्माण कार्य शामिल हैं।

सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने इन नए बैंकों के लिए आवश्यक भवन और उनमें सुविधाओं के संबंध में समीक्षा की तथा संबंधित क्षेत्र के जनपद सीईओ को बैंकों के लिए आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश भी दिए। दुर्गुकोंदल विकासखण्ड के ग्राम कोड़ेकुर्से में यश बैंक, भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत नारायणपुर में फेडरल बैंक, नरहरपुर विकासखण्ड के देवगांव में फेडरल बैंक, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के छोटेबेठिया में एयू स्माल फाइनेंस बैंक और अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम भैंसासुर में एयू स्माल फाइनेंस बैंक का शाखा खोला जाएगा, जिसे 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से शुरू करने के लिए संबंधित बैंकों के शाखा प्रबंधकों को कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा निर्देशित किया गया है। इन बैंकों के शुरू हो जाने से दूरस्थ क्षेत्रों के निवासियों को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिलेगा। बस्तर विकास प्राधिकरण तथा सांसद एवं विधायक निधि अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की गई और सभी कार्यों को समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए गए। जन्म-मृत्यु पंजीयन, कौशल विकास, अविवादित नामांतरण, बंटवारा के प्रकरण सहित जनदर्शन के दौरान प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण की भी समीक्षा उनके द्वारा किया गया तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर सभी एसडीएम, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, जनपद सीईओ और नगरीय निकायों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## निधन

### ममता यादव



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम भीरावाही निवासी 29 वर्षीय ममता यादव का आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया, जिसमें ग्रामवासी व रिश्तेदार बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### मोहन राम मंडावी



**बनसागर।** विकासखण्ड नरहरपुर अंतर्गत नावडबरी हटकाचारामा निवासी 80 वर्षीय मोहन राम मंडावी का 16 फरवरी को सुबह निधान हो गया। अंतिम यात्रा में भारी संख्या में ग्रामीण व रिस्तेदार शामिल हुए। वे अपने पिछे हसता खेलता परिवार छोड़ गए।

# राष्ट्रीय महिला दिवस पर बालिकाओं को साइकिल व स्कॉलरशिप वितरित



**कांकेर।** एसबीआई ग्राम सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत समर्थन संस्था के माध्यम से राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करना एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए सहयोग प्रदान करना रहा। इस अवसर पर क्षेत्र की 50 बालिकाओं को साइकिल का वितरण किया गया, जिससे उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी और उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित हो सकेगी। साथ ही 10 प्रतिभावान युवक-युवतियों को एसबीआई ओजस स्कॉलरशिप प्रदान की गई, ताकि वे आर्थिक बाधाओं से मुक्त होकर अपनी शिक्षा एवं प्रतिभा को आगे बढ़ा सकें। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच, हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य, ग्राम प्रमुख सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान सरपंच ने कहा कि शासन एवं संस्थाओं द्वारा दी जा रही सुविधाओं का सही उपयोग कर बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए, समर्थन संस्था के माध्यम से ग्राम में किए गए विकास कार्यों की भी सराहना की। विद्यालय के प्राचार्य अजय शर्मा ने कहा कि साइकिल मिलने से बालिकाओं का समय बचेगा और उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी, जिससे उनकी शिक्षा निरंतर बनी रहेगी। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



# महाशिवरात्रि पर बिजली आफिस में हवन-पूजन एवं भंडारे का आयोजन

**भानुप्रतापपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि का पावन पर्व नगर सहित पूरे अंचल में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। सोमवार को बिजली कार्यालय भानुप्रतापपुर स्थित शिव मंदिर में शिव भक्तों द्वारा विधि-विधान से हवन-पूजन कर भव्य भंडारा महाप्रसादी का आयोजन किया गया। सैकड़ो भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। पंडित देवेन्द्र शर्मा भोपू महाराज के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक एवं आरती संपन्न हुई। पूजा के दौरान पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। पूजन उपरांत आयोजित विशाल भंडारा महाप्रसादी में नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों की सहभागिता उल्लेखनीय रही। वहीं नगर सहित पूरे अंचल के शिव मंदिरों में भी सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। शिवालयों में विशेष सजावट, अभिषेक, भजन-कीर्तन और रात्रि आरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। महाशिवरात्रि के इस भव्य आयोजन से भानुप्रतापपुर अंचल पूर्णतः शिवमय वातावरण में डूबा रहा, वहीं सफल आयोजन के लिए श्रद्धालुओं एवं आयोजनकर्ताओं की सराहना की।

# हालाहाद्दी की क्रिकेट प्रतियोगिता में दुर्गूकोंदल टीम की हुई जीत



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम हालाहाद्दी में आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन रविवार को उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की कई टीमों ने भाग लेकर शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

समापन समारोह में खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों एवं ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं सम्मान के साथ किया गया। आयोजन समिति द्वारा पूरे पांच दिनों तक प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संचालित किया गया, जिससे गांव में खेल उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई ने कहा कि खेलकूद युवाओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। क्रिकेट खेल में हार-जीत लगी रहती है, लेकिन हार से ही जीतने की सीख मिलती है। इसलिए खिलाड़ियों को निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि अपनी कमियों को पहचानकर निरंतर अभ्यास करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुशासन, टीम भावना और नियमित मेहनत से निश्चित रूप से एक दिन सफलता प्राप्त होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं सरपंच शकुंतला नरेटी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों की प्रशंसा की। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से युवाओं को मंच मिलता है, खेल प्रतिभाएं निखरती हैं और समाज में सकारात्मक वातावरण बनता है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में दुर्गूकोंदल टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। विजेता टीम को 50 हजार रूपएं नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार अंगारमोती टीम को मिला, जिसे 30 हजार रूपएं नगद राशि प्रदान की गई। वहीं तृतीय पुरस्कार ग्राम केंवटी टीम ने प्राप्त किया, जिसे 15 हजार रूपएं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण के दौरान खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखने को मिला।

समापन कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में बजरंग माइंस के उप महाप्रबंधक डीएन मोहंता, मिवान स्टील लिमिटेड हालाहाद्दी माइंस के उपखान प्रबंधक राजेंद्र माहतो, अमित पांडेय, जूलॉजिस्ट रामानंदन सिंह सहित ग्राम के वरिष्ठ नागरिक अनिल सिन्हा, गोवर्धन नरेटी, प्रवीण सिन्हा, भूपेंद्र सिन्हा तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# बकावंड में भस्कली नदी से अवैध रेत खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिले के ग्राम पंचायत बनियागांव के पास भस्कली नदी से अवैध रेत खनन और परिवहन का मामला गरमा गया है। आरोप है कि रेत माफिया छत्तीसगढ़ सीमा से खनन कर रेत को ओड़िशा तक तस्करी कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जेसीबी और हाईवा जैसे भारी वाहन लगाकर नदी की धारा को छलनी किया जा रहा है। पहले जिस स्थान पर खनन उजागर हुआ था,अब उससे लगभग 300 मीटर दूर नया अघोषित खनन स्थल सक्रिय कर दिया गया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपते हुए बताया कि अवैध खनन से नदी की दिशा बदल रही है और बाढ़ की स्थिति में खेतों का कटाव तेज हो गया है। खेतों में रेत जमने से खेती प्रभावित हो रही है। आरोप यह भी है,कि खनिज विभाग इस अवैध उत्खनन पर चुप्पी साधा है। ओडिशा सीमा के समीप 15-20 फीट गहरे गड्ढे बनने से जलस्तर गिरा है, जिससे गर्मी की फसल के लिए पानी संकट की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच और तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# महाशिवरात्रि पर गूंजा आध्यात्मिक चिंतन व ब्रह्माकुमारीज ने दी श्रद्धा-भक्ति का संदेश




**कांकेर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा श्रद्धा, साधना और आध्यात्मिक संदेश से ओत-प्रोत 90वीं शिव जयंती का भव्य आयोजन किया गया। शिव बाबा की दिव्य स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में जिलेभर से आए गणमान्य अतिथियों, संस्थान की बहनों और श्रद्धालुओं ने शिव ज्योतिर्लिंग पर पुष्प अर्पित कर अपनी आस्था प्रकट की। दीप-प्रज्वलन, केक कटिंग और शिव ध्वज फहराने के साथ यह आयोजन आध्यात्मिक चेतना का अनुपम संगम बन गया।

ब्रह्माकुमारीज द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 90 वीं शिव जयंती का आयोजन श्रद्धा और गरिमा के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत जिले की मुख्य संचालिका बीके रामा दीदी द्वारा शिव बाबा की पावन स्मृति और आव्हान से हुई। इसके पश्चात सभी अतिथियों ने शिव ज्योतिर्लिंग पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धा भावना व्यक्त किया। तपश्चात चारामा की संचालिका बीके यूस बहन एवं भानुप्रतापपुर की संचालिका बीके अघन बहन द्वारा तिलक, बैज, पुष्प एवं पट्टे से सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मत्स्य कल्याण बोर्ड में मंत्री का दर्जा प्राप्त भारत मटियारा उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में सहयोग संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी, नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, शहर मंडल उपाध्यक्ष योगेश साहू तथा भाजपा प्रवक्ता राजीव लोचन सिंह ने सहभागिता की। इसके पश्चात दीप प्रज्वलन, केक कटिंग एवं शिव ध्वज फहराने की विधि संपन्न हुई। सभी अतिथियों ने उपस्थित जनसमुदाय को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं और अपने आध्यात्मिक अनुभव साझा किए।

कांकेर संचालिका बीके रामा दीदी ने महाशिवरात्रि पर्व में निहित आध्यात्मिक रहस्य को सरल शब्दों में स्पष्ट करते हुए कहा कि उपवास का वास्तविक अर्थ परमात्मा के समीप मन से वास करना है। उन्होंने बताया कि शिव बाबा को भोलानाथ और भोले भंडारी कहा जाता है, जो अपने भोले भक्तों से आह्वान करते हैं कि वे अपने अंदर के अवगुण काम, क्रोध, मोह, लोभ, अहंकार, ईर्ष्या और द्वेष को उनसे अर्पित करें। उन्होंने यह भी कहा कि सच्ची शिवरात्रि तभी सार्थक होगी जब हम नशा, बुराइयों और विकारों का त्याग कर अच्छाई का मार्ग अपनाएं और हर पल शिव बाबा की स्मृति में रहें। इस अवसर पर कांकेर सहित चारामा एवं भानुप्रतापपुर से ब्रह्माकुमारीज संस्था के सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## छात्रावासों में घटिया सामग्री सप्लाई करने की शिकायत

**जगदलपुर।** जिला बस्तर में संचालित शासकीय छात्रावास एवं आश्रमों में सप्लाई किए गए आयरन खाट, गद्दा एवं बेडशीट निम्न स्तर की है। युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष हेमंत कश्यप के नेतृत्व में कार्यकतार्ओं ने 100 सीटर बालक छात्रावास मालगांव का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने खराब सामग्री को लेकर शिकायतें की है। निरीक्षण में यह पाया गया कि आयरन खाट की वेल्डिंग एवं मोटाई कमजोर है, जो अल्प उपयोग में ही टेढ़ी होकर टूटने की स्थिति में है। वहीं गद्दे पतले एवं निम्न स्तर के फोम, कपास से निर्मित हैं तथा बेडशीट की गुणवत्ता इतनी खराब है कि कुछ ही दिनों में फटने लगी हैं। इस विषय को लेकर युवा कांग्रेस ने विधायक लखेश्वर बघेल एवं कलेक्टर आकाश छिकारा को ज्ञापन सौंपते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन से- 1 मई से 7 मई 2026
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी यात्रा
माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि: स्लीपर-9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-22,500/ (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR: B-34 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु कांकेर एवं जगदलपुर जिलों में 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 12,000
दिनांक - 14 फरवरी से 17 फरवरी 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
Resume Whatsapp करें
90983 24969
91318 93124
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर